# सी0पी0एन0ई0टी0–2024 के मॉपअप राउण्ड हेतु निर्देश

दिनांकः 24–09–2024 स्थान – यू0पी0यू0एम0एस0 आडिटोरियम

रिर्पोटिंग समय : प्रातः 9:30 बजे

मापअप राउण्ड की प्रक्रिया –

1. मापअप राउण्ड में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने काउंसिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया हो।
2. विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में रिर्पोटिंग का समय प्रातः 9:30 रहेगा।
3. अपरान्ह 12.00 बजे तक ऐसे समस्त अभ्यर्थियों का मापअप राउण्ड के लिये रजिस्ट्रेशन करवाया जायेगा।
4. अपरान्ह 12.00 बजे के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को मापअप राउण्ड में प्रतिभाग के लिये रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5. उपरोक्त समस्त रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को उनकी ओवर आल रैक के आधार पर बारी–बारी से बुलाया जायेगा एवं रिक्त सीटों की उपलब्धता, ओवर ऑल रैंक, कैटेगिरी रैंक, पाठ्यक्रम की अर्हता के आधार पर सीट का आवंटन किया जायेगा।
6. जिन अभ्यर्थियों को सीट का आवंटन होगा उन्हें तत्काल सम्बधित पाठ्यक्रम की फीस ऑन–स्पॉट जमा करानी होगी एवं बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन कराना होगा। फीस ऑनलाईन या ऑफलाईन जमा करायी जा सकती है।
7. सभी अभ्यर्थी मापअप राउण्ड हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र एवं उनकी प्रतिलिपि 02 सेट में एवं 05 फोटोग्राफ एवं फीस रू0 25,000.00 (बिना छात्रावास शुल्क के) का डिमांड ड्राफ्ट Finance Officer Paramedical UPUMS Saifai के नाम से जो कि payable at Saifai हो, बनवाकर लाना होगा (जिन अभ्यर्थियों को बी0फार्म0 पाठ्यक्रम आवंटित होता है उस दशा में पाठ्यक्रम शुल्क की शेष धनराशि रू0 11,400.00 प्रवेश के समय ऑनलाईन अथवा बैंक के माध्यम से जमा करानी होगी)।

अभ्यर्थी हेतु सामान्य दिशा–निर्देश –

1. मापअप राउण्ड में सीटों की उपलब्धता के लिमिटेड है। पंजीकरण होने का तात्पर्य यह नहीं होगा कि उसको प्रवेश दिया जा रहा है। अभ्यर्थी की मेरिट रैंक पर उसकी अर्हतानुसार सीट उपलब्ध न होने की दशा में उसे प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. सभी अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग हेतु अपने समस्त प्रमाण–पत्रों को मूल रूप में लाना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में अभ्यर्थी को काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा।
3. विभिन्न कैटागिरी में रिक्त सीटों की संख्या काफी कम है। सम्बन्धित कैटागिरी की सीटें समाप्त होने पर, उस कैटागिरी में आगे की काउंसिलिंग स्वतः ही समाप्त हो जायेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी अर्हतानुसार एवं कैटागिरी के अनुसार रिक्त सीटों को देखकर ही काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु आये एवं उसी के अनुसार अपना पंजीकरण करायें।
4. सभी अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग हेतु अपने समस्त प्रमाण–पत्रों (जाति प्रमाण–पत्र सहित) को मूल रूप में लाना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में अभ्यर्थी को काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा।
5. यदि कोई अभ्यर्थी ऑन–स्पॉट प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं करते हैं, उस स्थिति में उनकी सीट का आवंटन रद्द कर वह सीट कांउसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित करते हुए अन्य अर्ह अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जायेगी।
6. मापअप राउण्ड में कोई पुनरावंटन (Reshuffling) अनुमन्य नहीं होगा।
7. पाठ्यक्रमों की सीटों की संख्या में काउंसिलिंग के समय तक परिवर्तन हो सकता है।

कुलसचिव